कोटद्वार, शुक्रवार
31 जनवरी 2025
वर्ष: 46
अंक: 260 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

हड़ताल समाप्त होने के बाद 47 वार्डों से कूड़ा उठान शुरू

देहरादून। सफाई वाहन चालक और हेल्परों की हड़ताल समाप्त होने के कारण नगर क्षेत्र के 47 वार्डों से कूड़ा उठान शुरू हो गया है। हड़ताल उप नगर आयुक्त की ओर से वेतन भुगतान का आश्वासन देने पर समाप्त हुई है। नगर निगम के 47 वार्डों में वाटरग्रेस कम्पनी के सफाई वाहन चालक और हेल्परों ने 28 जनवरी से हड़ताल शुरू कर दी थी। चालक और हेल्पर दिसंबर महीने का वेतन भुगतान नहीं होने से नाराज थे। हड़ताल के कारण नगर क्षेत्र के 74 वार्डों के 70 हजार घरों के साथ ही व्यापारिक प्रतिष्ठानों से कूड़ा उठान का काम ठप हो गया था, जिस कारण कारण लोग परेशान थे। लगातार कूड़ा नहीं उठने की नगर निगम में शिकायत कर रहे थे। गुरुवार को उप नगर आयुक्त गोपालराम बिनवाल ने चालक और हेल्परों से वार्ता की। उन्होंने वेतन भुगतान का आश्वासन दिया। कहा कि यदि कंपनी भुगतान नहीं करती है तो कंपनी के भुगतान से कटौती कर वेतन का भुगतान किया जाएगा, जिस पर चालक और हेल्परों ने हड़ताल समाप्त कर दी है।

बैकलॉग बढ़ने हो रही दिक्कत

हड़ताल समाप्त होने के बाद कूड़ा उठान का काम शुरू हो गया है, लेकिन कूड़े का बैकलॉग बढ़ने से दिक्कत आ रही है। हड़ताल 28 जनवरी से शुरू हो गई थी। 29 को भी कूड़ा नहीं उठ पाया।

प्रमुख अभियंता दफ्तर पर गरजे सिंचाई इंजीनियर

देहरादून। प्रमोशन और नियुक्ति के बावजूद तैनाती देने में की जा रही देरी से नाराज सिंचाई विभाग के इंजीनियरों ने गुरूवार को यमुना कालोनी स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में पर प्रदर्शन किया। एचओडी सुभाष चंद्र पांडे के जल्द उचित कार्यवाही के आश्वासन के बाद ही दोपहर बाद डिप्लोमा इंजीनियर संघ–सिंचाई के पदाधिकारी और सदस्य धरना स्थल से उठे। संघ ने जल्द कार्यवाही न होने पर बड़ा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। आज सुबह करीब 10 बजे संघ से जुडे इंजीनियर प्रमुख अभियंता कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। संघ के प्रदेश महामंत्री अनिल पंवार ने बताया कि जनवरी 2024 को अधिशासी अभियंता के 10 पदों पर और जून 2024 को सहायक अभियंता के 16 पदों पर प्रमोशन किए गए थे। इसी प्रकार से पिछले साल जून में 42 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र दिए गए थे। उन्हें भी अब तक पोस्टिंग नहीं दी गई। तैनाती करने में बरती जा रही ढिलाई की वजह से विभागीय कामकाज प्रभावित हो रहा है। धरने के दौरान इंजीनियर लगातार विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करते रहे। सिंचाई कर्मचारी महासंघ और सिंचाई अभियंता संघ–सीधी भर्ती ने भी आंदोलन को समर्थन दिया।

दहेज उत्पीड़न के दो मामलों में 19 के खिलाफ केस दर्ज

काशीपुर। दो विवाहिताओं ने दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में पति समेत 19 ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। रायपुरखुर्द निवासी मंजू पत्नी रामगोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह 03 जून 2018 को साहपुर मुस्तकम पीपलसाना, मुरादाबाद निवासी अर्जुन पुत्र मशिदयाल के साथ हुआ था। शादी के बाद उसका पति अर्जुन, जेठ राजीव कुमार, अनुप कुमार वं जेठानियां उसे कम दहेज लाने के ताने देकर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे और कई बार विवाहिता को मारपीट कर निकाल दिया। 15 नवंबर 2024 की शाम 6 बजे उसका पति व ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। पति ने चोरी छिपे दूसरी शादी भी कर ली है। उधर, विजयनगर कालोनी निवासी रुबीना खातून ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका विवाह 30 नवंबर 2022 को बाजपुर निवासी मौ. जीशान पुत्र इकबाल अहमद के साथ हुआ था।

विवाह के बाद से पति जिशान, नन्द शबाना, नंदोई जां निसार निवासी ठाकुरद्वारा, शबनम, उसका पति शमीम अहमद निवासी भोजपुर, नाज़ और उसका पति नाहिद निवासी ग्राम बिझारखाता स्वार जिला रामपुर, रमा, इरम, अशरफ अली निवासी हरलालपुर, बाजपुर सोफिया, शहनवाज निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कुम्हेरी सुल्तानपुर आदि के खिलाफ 20 लाख रुपये की डिमाण्ड कर मारपीट करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड, फिट इंडिया मूवमेंट को बेहतर कार्ययोजना के साथ चलेगा अभियान:धामी

देहरादून, प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड, स्वच्छता और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए बेहतर कार्ययोजना के साथ अभियान चलाया जाए। इसमें जन जागरूकता के साथ ही जनसहभागिता की दिशा में विशेष प्रयास किये जाएं। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन से वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अपने नैसर्गिक सौन्दर्य के साथ पर्यटन और जैव विविधता के दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए सबको मिलकर प्रयास करने हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में स्कूलों, कॉलेजों, गैर सरकारी संस्थानों और व्यापारिक संगठनों को भी जोड़ा जाए। किसी अभियान की सफलता के लिए जन भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि केदारनाथ धाम की तरह राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक बोतल पर क्यूआर कोड की व्यवस्था की जाए। इससे प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में काफी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य में स्वच्छता के उच्च मानक स्थापित करने और लोगों को स्वस्थ वातावरण देने के स्वच्छता की दिशा में और प्रभावी प्रयास किये जाए। कूड़े का डोर टू डोर कलैक्शन शत प्रतिशत किया जाए। गीला और सूखा कूड़ा अलग–अलग रखने के लिए लोगों को और जागरूक किया जाए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वच्छता के क्षेत्र में और तेजी से कार्य हों, इसके लिए निकाय चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों की शपथ के बाद जल्द उनके साथ एक बैठक की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी नगर निगमों में लीगेसी वेस्ट का कार्य जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य से गंगा नदी में स्वच्छ जल जाए। इसके लिए गंगा की सहायक नदियों में भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। स्वच्छता सर्वेक्षण में निकायों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता के मानकों की घोषणा की व्यवस्था की जाए। राष्ट्रीय खेलों के दौरान भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य में फिट इंडिया मूवमेंट को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिदिन योग और व्यायाम की गतिविधियां करवाई जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम की राज्य सरकार की योजना पर और प्रभावी तरीके से कार्य किये जाएं। फिट इंडिया के तहत व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ उत्तराखण्ड के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित जागरूकता कैम्प लगाये जाएं।

टपकेश्वर मंदिर में गुप्त नवरात्रि पूजा अनुष्ठान शुरू

देहरादून। माता वैष्णों देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर में गुरुवार से विशेष माघ गुप्त नवरात्रि पूजा अनुष्ठान का शुभारम्भ हुआ। मंदिर के संस्थापक आचार्य डॉ. बिपिन जोशी ने बताया कि सर्वप्रथम प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए अमृत जल को माता वैष्णो देवी की पिंडियों और अष्टभुजी मां दुर्गा जी को चढ़ाया गया। विशेष पूजा अर्चना के बाद, महाकुंभ के अमृत जल से घट स्थापना की गई और ब्राह्मण पूजन के साथ दुर्गा सप्तशती पाठ आरंभ किया गया। हरियाली बोई गई और भक्तों को महाकुंभ प्रयागराज, राम मंदिर अयोध्या, गोरक्षनाथ मठ गोरखपुर आदि से लाया गया प्रसाद पूरी नवरात्रि में वितरित किया जाएगा। शाम को माता वैष्णो देवी जी की विशेष श्रृंगार आरती की गई। आचार्य बिपिन जोशी ने बताया कि साल में चार बार नवरात्रि आती है।

शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि तो प्रचलन में है, किन्तु दोनों गुप्त नवरात्रि कम प्रचलन में है। जबकि इन दोनों नवरात्रि में किया जाने वाला पूजा अनुष्ठान और ज्यादा फल देने वाला होता है। इस अवसर पर मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, गीता जोशी, आचार्य विकास भट्ट, पंडित गणेश बिजलवाण, पंडित अरविंद बडोनी, ऋषिपाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

27 साल पहले घर से लापता हुआ था पति

अब महाकुंभ में इस रूप में हुई मुलाकात, परिवार के पैरों तले निकली जमीन

प्रयागराज ,कुंभ मेले में अपनों के बिछडने और कई वर्षों के बाद मिलने के किस्से तो अपने अकसर सुने होंगे। ऐसे ही एक मामला महाकुंभ मेले में भी सामने आया है। झारखंड के एक परिवार ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में 27 साल बाद अपने खोए हुए सदस्य को खोज निकालने का दावा किया है। परिवार का कहना है कि 1998 में लापता हुए गंगासागर यादव अब अघोरी साधु बन चुके हैं, जिन्हें लोग बाबा राजकुमार के नाम से जानते हैं। उनकी उम्र 65 साल है, गंगासागर 1998 में पटना जाने के बाद अचानक लापता हो गए थे और उनकी कोई खबर नहीं मिल पाई थी। उनकी पत्नी धनवा देवी ने अकेले ही अपने दो बेटों, कमलेश और विमलेश को पाला। गंगासागर के छोटे भाई मुरली यादव ने बताया, ह्यहमने भाई को खोजने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन हाल ही में हमारे एक रिश्तेदार ने कुंभ मेले में एक साधु को देखा, जो गंगासागर जैसा दिखता था। उन्होंने उसकी तस्वीर खींचकर हमें भेजी। तस्वीर देखकर हम तुरंत धनवा देवी और उनके दोनों बेटों के साथ कुंभ मेले पहुंचे। परिवार का दावा है कि उन्होंने बाबा राजकुमार के रूप में अपने गंगासागर यादव को पहचाना, लेकिन साधु ने अपनी पुरानी पहचान को पूरी तरह नकार दिया। बाबा राजकुमार ने खुद को वाराणसी का साधु बताते हुए कहा कि उनका गंगासागर से कोई संबंध नहीं है। उनके साथ मौजूद एक साध्वी ने भी इस बात का समर्थन किया। हालांकि, परिवार ने उनके शरीर पर मौजूद कुछ विशेष पहचान चिह्नों को आधार बनाकर दावा किया कि वह ही गंगासागर हैं। उन्होंने उनके लंबे दांत, माथे पर चोट के निशान और घुटने पर मौजूद पुराना घाव दिखाते हुए कहा कि यह वही व्यक्ति है। परिवार ने कुंभ मेले की पुलिस से इस मामले में मदद मांगी है और डीएनए टेस्ट कराने की मांग की है, ताकी व्यक्ति की असली पहचान साबित की जा सके।

यमुना में जहर पर केजरीवाल के जवाब से संतुष्ट नहीं चुनाव आयोग

5 सवाल पूछे, मांगा जवाब

नई दिल्ली , यमुना में जहर मिलाए जाने के दावे पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुरी तरह घिर गए हैं। एक तरफ उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है तो दूसरी तरफ चुनाव आयोग भी पूर्व सीएम के जवाब से संतुष्ट नहीं हो पाया है। चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल को सबूतों के साथ जवाब देने के लिए एक और मौका दिया है। चुनाव आयोग ने उनसे 5 सवाल किए हैं। चुनाव आयोग ने केजरीवाल को कल 11 बजे तक जवाब देने के लिए कहा है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दावा किया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला दिया था। उन्होंने कहा कि यदि इस पानी को दिल्ली जल बोर्ड के इंजनीयर्स ने नहीं रोका होता तो दिल्ली में नरसंहार हो जाता। भाजपा की शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने केजरीवाल से जवाब मांगा था। आपह्लप्रमुख के जवाब के बाद चुनाव आयोग ने एक बार फिर उनसे सवाल दागे हैं।

चुनाव आयोग ने पूछे ये सवाल

1. हरियाणा सरकार ने यमुना नदी में किस प्रकार का जहर मिलाया?
2. इस जहर की मात्रा, प्रकृति और इसे पहचानने की विधि का क्या प्रमाण है, जिससे नरसंहार हो सकता था?
3. जहर कहां पर पाया गया था?
4. दिल्ली जल बोर्ड के किन इंजीनियरों ने इसे कहां और कैसे पहचाना?
5. इंजीनियरों ने जहरीले पानी को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए कौन सा तरीका अपनाया?

वाहन चालक ने फांसी लगाई

रुद्रपुर। सिसई बंडिया निवासी एक पिकअप वाहन चालक ने फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। 24 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी सिसई बंडिया पिकअप वाहन में चालक था। विक्रम सिंह के पड़ोस में उसकी बहन रहती है। बुधवार रात घर के सभी लोग बहन के घर गए थे। रात को जब वे वापस आए तो उन्होंने विक्रम को कमरे में साड़ी के फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने आनन–फानन में विक्रम को फंदे से नीचे उतारा और 108 एंबुलेंस से सीएचसी लाए। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली के एसएसआई सतीश शर्मा ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।

आइकॉनिक सिटी के रूप में ऋषिकेश का चयन, मिलेगा 100 करोड़ का बजट

ऋषिकेश। उत्तराखंड के ऋषिकेश का आईकॉनिक सिटी के रूप में चयन किया गया है। केंद्र की ओर से ऋषिकेश को रॉफ्टिंग, वॉटर स्पोर्ट्स का अंतरराष्ट्रीय केंद्र विकसित करने को 100 करोड़ का बजट उपलब्ध कराया जाएगा। ऋषिकेश, शिवपुरी, कौड़ियाला समेत रॉफ्टिंग के अन्य क्षेत्रों को न्यूजीलैंड के क्वींसटाउन की तर्ज का अंतरराष्ट्रीय रॉफ्टिंग केंद्र बनाया जाएगा। भारत में रॉफ्टिंग के सबसे बड़े केंद्रों में ऋषिकेश में सबसे अधिक रोमांच के शौकीन पहुंचते हैं। सालाना 15 लाख के करीब पर्यटक यहां पहुंचते हैं। यहां आने वाले पर्यटकों में 10 प्रतिशत करीब विदेशी पर्यटक होते हैं। सालाना 1000 करोड़ से अधिक का कारोबार होता है। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के क्वींसटाउन में उत्तराखंड से 10 गुना कम पर्यटक आते हैं। इसके बावजूद उनका कारोबार पांच हजार करोड़ के करीब का है। ऋषिकेश में पार्किंग का इंतजाम न होने के साथ ही पर्यटकों को जाम, गंदगी से जूझना पड़ता है। शौचालय से लेकर चेजिंग रूम तक की बेहतर व्यवस्था नहीं है। इन तमाम कमियों को अब दूर किया जाएगा।

रेस्क्यू कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम विकसित

सचिव नियोजन आर मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि ऋषिकेश को रॉफ्टिंग, वॉटर स्पोर्ट्स के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां मुनिकीरेती में रेस्क्यू कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम विकसित करते हुए बेस स्टेशन तैयार किया जाएगा। पर्यटकों को रेस्क्यू करने को अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा।

रॉफ्टिंग के मुख्य केंद्र

गंगा में कौड़ियाला, ब्रह्मपुरी, शिवपुरी समेत मरीन ड्राइव के आसपास के क्षेत्रों में रॉफ्टिंग होती है। कौड़ियाला क्षेत्र में 36 किमी क्षेत्र में रॉफ्टिंग होती है। ब्रह्मपुरी क्षेत्र में नौ किमी, मरीन ड्राइव क्षेत्र में 22 किमी, शिवपुरी से 18 किमी क्षेत्र में रॉफ्टिंग होती है। एक सितंबर से 30 जून रॉफ्टिंग का मुख्य समय रहता है।

महाकुंभ भगदड़ के बाद यूपी सरकार का फैसला

मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित, वीवीआईपी पास भी किए गए रद्द

प्रयागराज , उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ मेले में मची भगदड़ के बाद पांच मुख्य बदलाव किए हैं। महाकुंभ नगर को नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है यानि किसी भी तरह के वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर पवित्र स्नान के लिए मेला क्षेत्र में करोड़ों श्रद्धालुओं के उमड़ने के दौरान भगदड़ मच गई थी। इस भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए।

घटना को लेकर सरकार ने बताया कि संगम तट पर पहुंचने की कोशिश में श्रद्धालुओं के बैरिकेड्स को धक्का दिए जाने के कारण भगदड़ मची। इस हादसे के बाद, राज्य सरकार ने पांच प्रमुख बदलावों का फैसला किया, जिन्हें प्रशासन ने लागू कर दिया है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों को सख्त वर्जित कर दिया गया है और पूरी तरह से नो–व्हीकल जोन में तब्दील कर दिया गया है। मेला क्षेत्र में वीवीआईपी पास को रद्द कर दिया गया है। किसी भी स्पेशल पास वाहनों को अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू की गई है। शहर में भीड़भाड़ को कम करने के लिए पड़ोसी जिलों से आने वाले वाहनों को जिले की सीमाओं पर ही रोका जा रहा है। व्यवस्था बनाए रखने के लिए 4 फरवरी तक शहर में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इन पांच बदलावों के अलावा, मेला क्षेत्र में भीड़ को अच्छे से मैनेज करने के लिए आईएएस अधिकारी आशीष गोयल और भानु गोस्वामी को तत्काल प्रयागराज पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

दोनों नौकरशाहों ने विजय किरण के साथ 2019 अर्धकुंभ के सफल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस आयोजन के दौरान भानु गोस्वामी ने जिला मजिस्ट्रेट और कुंभ मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जबकि आशीष गोयल प्रयागराज के आयुक्त थे, जो प्रबंधन की देखरेख करते थे। इसके अतिरिक्त, बड़े पैमाने पर आयोजनों को संभालने में पिछले अनुभव वाले पांच विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों को महाकुंभ संचालन में सहायता के लिए नियुक्त किया गया है।

घरेलू कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाने पर हो विचार: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली ,देश की शीर्ष अदालत ने घरेलू कामगारों के अधिकारों की सुरक्षा और नियमन के लिए कानून बनाने की सिफारिश करते हुए केंद्र सरकार से कहा है कि घरेलू कामगारों के नियमन और सुरक्षा के लिए कानूनी उपाय सुझाए जाएं। इसके लिए समिति गठित की जाए, साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने समिति से छह महीने में रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने घरेलू कामगारों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और संबंधित मंत्रालयों को निर्देश जारी किए। समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कानून लाने का प्रयास करना चाहिए।

खंडपीठ ने कहा कि हालांकि घरेलू कामगार एक आवश्यक कार्यबल हैं, लेकिन उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कोई अखिल भारतीय कानून नहीं है। इसलिए वे नियोक्ताओं और एजेंसियों द्वारा शोषण के लिए असुरक्षित हैं। खंडपीठ ने आपराधिक अपील का निपटारा करते हुए ये टिप्पणियां की।

महाकुंभ : अभिनेत्री पूनम पांडे ने लगाई गंगा में डुबकी

मुंबई ,अपनी मौत का स्वांग रचने वाली मॉडल पूनम पांडे महाकुंभ नगर पहुंची और गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। पूनम ने कहा कि यहां आस्था की कोई सीमा नहीं है। महाकुंभ में हुई भगदड़ पर संवेदना जताते हुए उन्होंने मोक्ष प्राप्ति की बात कही। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री पूनम पांडे ने बताया कि उन्होंने महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, महाकुंभ में जिंदगी को करीब से देखा, जहां 70 साल का एक बुजुर्ग नंगे पैर चलता है, जहां आस्था की कोई सीमा नहीं होती। यहां की भक्ति ने मुझे आश्चर्य में डाल दिया। प्रयागराज में बुधवार को हुई भगदड़ पर अभिनेत्री ने मृतकों, उनके परिजनों और घायलों के प्रति संवेदना जताई। अभिनेत्री ने लिखा, जो लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, उनके लिए गहरी संवेदना, उम्मीद है कि उन्हें मोक्ष मिलेगा। सर्वाइकल कैंसर से अपनी 'मौत' का नाटक करने के कारण सुर्खियों में आने वाली अभिनेत्री–मॉडल पूनम पांडे शेयर किए गए तस्वीरों और वीडियोज में काले रंग का कुर्ता पहन गंगा में डुबकी लगाती नजर आईं, इस पर 'महाकाल' लिखा था। बता दें, महाकुंभ में फिल्म और टीवी जगत के कई सितारे शिरकत कर चुके हैं। हाल ही में अभिनेत्री किटू गिडवानी महाकुंभ में पहुंची थीं।

हल्की धुंध और प्रदूषण की डबल मार झेल रहा एनसीआर, दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 पार

नोएडा ,दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में फिलहाल कुछ दिनों तक हल्की धुंध की चादर देखने को मिलेगी। इसके साथ–साथ आने वाले दो दिनों में न्यूनतम पारे में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई फिर 400 के पार पहुंच गया है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में न्यूनतम पारा और ऊपर बढ़ेगा और लोगों को हल्की गर्मी का एहसास शुरू हो जाएगा। हालांकि दिन के वक्त तेज धूप लोगों को गर्मी का एहसास करा रही है। मौसम विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक 30 जनवरी को न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया है और वातावरण पूरी तरह से साफ रहेगा। वहीं 31 जनवरी को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया है और हल्की धुंध एनसीआर के लोगों को देखने को मिलेगी। इसके बाद 1 फरवरी से न्यूनतम पारा 11 डिग्री और अधिकतम पारा 25 डिग्री पहुंचने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने हल्के कोहरे की आशंका जताई है। 2 फरवरी को मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम पारा 11 डिग्री और अधिकतम पारा 24 डिग्री तक पहुंच जाएगा। इसके बाद 3 फरवरी को न्यूनतम पारा 10 डिग्री और अधिकतम पारा 23 डिग्री होने की आशंका जताई गई है, लेकिन मौसम विभाग का कहना है कि इस दिन एनसीआर के लोगों का सामना हल्की बारिश से हो सकता है।

महाकुंभ हादसे में गोंडा से आए एक श्रद्धालु की मौत

गोंडा ,उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में गोंडा से आए एक श्रद्धालु की मौत हो गई। श्रद्धालु की पहचान ननकन कौरी के तौर पर हुई है। मृतक ननकन कौरी अपनी पत्नी समेत 12 लोगों के साथ प्रयागराज में अमृत स्नान करने के लिए पहुंचे थे। मृतक के भतीजे ने बताया कि कुंभ के दौरान अचानक भगदड़ मच गई। भगदड़ में हम लोगों का साथ छूट गया। हालांकि, जब स्थिति शांत हुई तो हम उन्हें खोजने लगे। हमें जानकारी मिली कि वह घायल हो गए हैं और इलाज के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जब अस्पताल पहुंचे तो उन्हें डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई है।

सीबीआई को बड़ी सफलता, 150 करोड़ से ज्यादा का फर्जीवाड़ा करने वाले दो भगोड़े भारत लाए

नई दिल्ली । इंटरपोल रेड नोटिस के तहत थाईलैंड से दो भगोड़ों को भारत निर्वासित किया गया है। यह लोग तमिलनाडु और गुजरात में अलग–अलग मामलों में वांछित थे। सीबीआई ने इस ऑपरेशन का समन्वयन किया था। इन भगोड़ों में से एक जनार्थन सुंदरम है। जनार्थन सुंदरम पर पोंजी स्कीम के जरिए निवेशकों से 87 करोड़ रुपये से ज़्यादा की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि पोंजी योजना के जरिए निवेशकों के 87 करोड़ रुपये से अधिक धन हड़पने के आरोपी जनार्दन सुंदरम को बैंकॉक से भारत भेज दिया गया और तमिलनाडु पुलिस ने कोलकाता हवाई अड्डे पर उसे हिरासत में ले लिया। वह तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा आपराधिक षड्यंत्र, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, जमा/ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक और अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम, 2019 के तहत किए गए अपराधों के लिए वांछित था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, सीबीआई ने तमिलनाडु पुलिस के अनुरोध पर 21 जून, 2023 को इंटरपोल से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया। एजेंसी ने बताया कि 28 जनवरी 2025 को बैंकॉक की यात्रा करने वाले सुंदरम को रेड नोटिस के आधार पर प्रवेश देने से मना कर दिया गया। वहीं, दूसरे ऑपरेशन में जालसाजी और आपराधिक साजिश के एक अन्य मामले में इंटरपोल की ओर से रेड कॉर्नर नोटिस वॉन्टेड वीरेंद्रभाई मणिभाई पटेल को अहमदाबाद एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने वीरेंद्रभाई के खिलाफ नोटिस जारी करवाया था। फ्रॉड के एक मामले में गुजरात पुलिस के अनुरोध पर आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी किया गया था।

सम्पादकीय

सेब बिक्री में घोटाला

सरकार का निजी कंपनियों से विभिन्न कार्यों में भागीदारी निभाने का खेल घोटालों का रूप ले रहा है। उत्तराखंड में ताजा मामला सेब घोटाले से जुड़ा हुआ सामने आया है जिसमें कंपनी ने सरकारी एजेंसी को ही चूना लगा दिया। मामला सामने आने के बाद अब जांच की तैयारी की जा रही है लेकिन यह बात समझ से परे है कि कृषि से संबंधित विभाग एवं इनमें कर्मचारियों की फौज के बावजूद क्या सरकार अपने कर्मचारियों से कार्य क्यों नहीं ले पा रही है? बात करें इस अजीबोगरीब सेब घोटने की, तो मामला यह है कि नौगांव सेब सहकारी समिति में एनसीडीसी प्रोजेक्ट के तहत उत्तरकाशी में सेब काश्तकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2019—20 एवं वित्तीय वर्ष 2021—22 में अनामृत फार्म एज ऑनर्स कमंनी बीच एक संयुक्त उद्यम पार्टनरशिप के आधार पर किया गया था। जिसमें सेब काश्तकारों से सेब क्रय कर बाजार में बेचा जाना था। सेब की बिक्री एफएफटीएच से की गई थी जिसने समिति को बिक्री किये गये सेबों के बिल बावउचर उपलब्ध नहीं कराये साथ ही बैंक खाते का विवरण भी उपलब्ध नहीं कराया। इस संबंध में समिति के संचालक मंडल द्वारा निबंधक सहकारी समितियां उत्तराखंड एवं परियोजना निदेशक राज्य सहकारी विकास परियोजना को लिखित रूप से शिकायत उपलब्ध कराई थी जिस पर विभागीय जांच बिठाई गई थी विभागीय जांच में सेब के क्रय—विक्रय में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां मिली। इस पूरे घोटाले की जांच के लिये विभागीय जांच समिति ने उच्च स्तरीय जांच की सफारिश की। यदि विभागीय शिकायत ना होती तो शायद प्रकरण सामने ही ना आता लेकिन विभागीय जांच में कई अनियमितताएं पाईं गई ओर करोड़ों की हेराफेरी पकड़ी गई। राज्य सरकार को अपने विभागीय कर्मचारियों से ही अधिक काम लेना चाहिए और निजी कंपनियों के भरोसे बैठकर फसली कारोबार के विकसित होने की उम्मीदें छोड़ देनी चाहिए। सब कुछ ही यदि निजी कंपनियों के भरोसे करना है तो फिर सरकारी विभागों में कर्मचारियों की फौज की जरूरत ही क्या है? यह घोटाला भी अनुबंधीय निजीकरण का ही एक परिणाम है। बस देखना यह है कि क्या इस करोड़ों रुपए के घोटाले की जांच में दोषियों को सजा हो पाएगी या नहीं और क्या सरकार घोटाले की रकम को रिकवर करने में कामयाब होगी?

महाकुंभ स्नान में भी राजनीति

अवधेश कुमार

महाकुंभ में बड़ा—छोटा कोई भी व्यक्ति स्नान करने जाए वह सामान्यतः चर्चा का विषय नहीं होना चाहिए। यह हमारी सनातन परंपरा में हर व्यक्ति का स्वाभाविक दायित्व है।

किंतु पहले योगी आदित्यनाथ सरकार की पूरी कैबिनेट का एक साथ संगम में स्नान करना अनेक कारणों से चर्चा और विमर्श का विषय बना। उसके बाद जब सपा प्रमुख अखिलेश यादव स्नान करने गए तो संपूर्ण मीडिया की दृष्टि उनकी ओर गई। स्नान करती उनकी तस्वीरें और छोटे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई या की गई।

मकर संक्रांति को हरिद्वार गंगा में स्नान की उनकी तस्वीरें भी इसी तरह वायरल हुई थी। हालांकि उसमें स्नान से ज्यादा सोशल मीडिया पर उनके शरीर सौष्ठव की ज्यादा चर्चा हुई। जब योगी आदित्यनाथ सहित संपूर्ण मंत्रिमंडल ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई मां गंगा, यमुना और सरस्वती की पूजा की तथा उसके बाद मुख्यमंत्री के साथ दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक साथ पूजा कर रहे थे तब भी वीडियो और तस्वीरें वायरल हुई। उस समय अखिलेश जी ने महाकुंभ पर राजनीति न करने की प्रतिक्रिया दी। यानी उन्होंने यह संदेश दिया कि भाजपा के मंत्री और नेता महाकुंभ पर राजनीति कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। हालांकि उनके स्नान पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद ने सधी प्रतिक्रिया में कहा कि 'देर आयद दुरुस्त आयद', अखिलेश यादव जी महाकुंभ में पवित्र स्नान किया और उम्मीद है कि अब वह आस्था पर चोट नहीं पहुंचाएंगे।

अखिलेश जी को भाजपा के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रियों मंत्रियों और नेताओं के कुंभ स्नान में राजनीति दिखाई दी तो स्वाभाविक है कि उनके स्नान में भी राजनीति देखी जाएगी। हालांकि स्नान के बाद उन्होंने भाजपा को सहनशील होने की सलाह दी तथा 11 डुबकियों के बारे में उनके एक्स हैंडल पर कुछ अच्छी पंक्तियां लिखी हुई थी।

उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती को साथ मिलकर चलने की प्रेरणा देने वाला भी बताया। क्या वाकई अखिलेश जी के स्नान को इन्हीं सद्भाव, सामाजिक एकता और धार्मिक भावनाओं की परिधि के अंदर मान लिया जाएगा? दरअसल, केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार ने हिन्दुत्व, धार्मिक आस्था, धर्मस्थलों, कर्मकांडों से लेकर इनसे जुड़े विषयों पर जैसी प्रखरता और सुस्पष्टता दिखाई है उसका असर चारों ओर है।

महाकुंभ में निहित हिन्दुत्व की व्यापकता, विशालता, सर्व सामूहिकता तथा भारत की महान अध्यात्म , संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं, सामाजिक— पंथीय—एकता के भावों को संपूर्ण विश्व में प्रचारित—प्रसारित करने और दिखाने की रणनीति अपनाई है उनसे राजनीति अप्रभावित रहे ऐसा संभव नहीं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार के संपूर्ण मंत्रिमंडल ने महाकुंभ स्नान और वहीं मंत्रिमंडल का बैठक की। महाकुंभ की पूर्व तैयारी में जैसी सक्रियता मुख्यमंत्री एवं दोनों उप मुख्यमंत्रियों तथा अनेक मंत्रियों के दिखाई उसका भी संदेश था और लोगों ने माना कि इस तरह किसी

सरकार ने करने की कोशिश नहीं की। अखिलेश जी के कार्यकाल में 2013 में हुए महाकुंभ में मुख्यमंत्री और सरकार की भूमिका से वर्तमान सरकार की व्यवस्थाओं, दोनों के आचरणों आदि की तुलना हो रही है।

वैसे तो 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद से हिन्दुत्व, धर्म, भारतीयता आदि के संदर्भ में धीरे—धीरे माहौल बदला है और जिन मुद्दों पर बोलने तक से बचते थे, पूजा—पाठ व कर्मकांड को दिखाने तक में संकोच करते थे वो सब वर्जनायें लगभग ध्वस्त हुई हैं। सौभाग्य भारत की चेतना इन आधारों पर बहुत कुछ निर्धारित करने लगी है जिसमें राजनीति भी है। अखिलेश यादव जी ने जब महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक को गलत बताया तो लोगों की सामान्य प्रतिक्रियाएं उनके विरु द्ध थीं। अगर संपूर्ण भारत के जिलों तक का प्रतिनिधित्व प्रयागराज महाकुंभ में है, उत्तर प्रदेश के कोने—कोने लोग आ रहे हैं, देश और विश्व भर के सनातन धर्म के साधु—संत—संन्यासी, विचारक, संस्कृतिकर्मी, पुजारी वहां प्रवचन, कर्मकांड आदि करते हुए विश्व कल्याण के भाव से साधना कर रहे हों, विचार—विमर्श हो रहा हो तो कैबिनेट की बैठक स्वाभाविक रूप से वही होनी चाहिए। सरकार जनप्रतिनिधि है तो यह अवसर है जनता के मनोभाव के साथ खड़े होने और काम करने की निष्ठा प्रदर्शित करने का। ऐसे सकारात्मक जन भावों के साथ एकता दिखाना भी सरकारों और राजनीति का दायित्व होना चाहिए।

आज तक की राजनीति सेक्यूलरलाद की झूठी अवधारणा के कारण इनसे भागती रही है। इसी भाव से अखिलेश जी की नकारात्मक प्रतिक्रिया आई। सच महाकुंभ आरंभ के पहले से ही उनकी और पार्टी की प्रतिक्रियाएं नकारात्मक रहीं।विपक्ष के नाते सपा को सरकार की कमियों, महाकुंभ में अगर जनता को समस्याएं व असुविधाएं हैं, नौकरशाही, कर्मचारी, ठेकेदारों के कार्य में कहीं कोताही है तो उन्हें उठाना या मुद्दा बनाना बिल्कुल स्वाभाविक है। विपक्ष के नाते यह उसकी भूमिका भी है। पर विपक्ष की इतनी ही भूमिका नहीं हो सकती। आपकी महाकुंभ में वैसी ही आस्था है जैसी अखिलेश जी ने स्नान करके प्रदर्शित की तो यह पहले से भी कई रूपों में दिखनी चाहिए थी। क्या सपा की कोई भूमिका महाकुंभ में है? कम—से—कम सपा जगह—जगह महाकुंभ में आए लोगों के स्वागत के कुछ बैनर भी लगा देती तो लगता कि वाकई कुंभ के प्रति उसकी आस्था है। 2013 के महाकुंभ को याद करिये, तो आपको भाजपा के बैनर तस्वीरें मिलेंगी। संघ विचार परिवार के अनेक संगठनों ने जगह—जगह सेवा के कैंप लगाए थे। इसलिए भाजपा सरकार कुछ कर रही है तो उसकी अतीत से वर्तमान तक सुसंगति है।

आप चाहे कुछ भी करिए, योगी सरकार और भाजपा को अलग से कुछ साबित करने या प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है। इस मौलिक अंतर को समझना पड़ेगा। राजनीति इतनी नैतिक और पवित्र हो, सनातन के प्रति स्वाभाविक रूप से आस्थावान होकर राजनीतिक रणनीति बनाएं और काम करें तभी भारत, मानवता और विश्व का वास्तविक मंगल होगा और यह किसी दृष्टि से सेक्यूलर विरोधी नहीं होगा। अभी तक की गलत धारणा और स्वयं को हिन्दू कहने में संकोच, व्यक्तिगत स्तर पर पूजा—पाठ, पर सार्वजनिक स्तर पर इसे दिखाने से परहेज करने का स्वभाव ध्यान रखें तो जो हो रहा है उसे आसानी से समझ सकते हैं।

दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू

ऋतुपर्ण दवे

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमो केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं।

ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है, लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।

दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रह्म प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल, कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी, लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रह्म प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। इस बीच काफी कुछ बदला। 1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला, लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए।खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोडऩी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं। 1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ।

अप्रैल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आंदोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते—देखते अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नये हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वषी से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आंदोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने, मगर आप और कांग्रेस की नहीं निभी। 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीश खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नये सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं।

केजरीवाल को अब समन पर जाना होगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने उनको आठवां समन भेजा है और चार मार्च को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है। केजरीवाल इससे पहले सात बार के समन की अनदेखी कर चुके हैं। उन्होंने और उनकी पार्टी ने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है और कई सवाल पूछे हैं। लेकिन सवालों के जवाब देने की बजाय ईडी लगातार समन भेजती जा रही है। ऐसा लग रहा कि यह सब किसी योजना के तहत हो रहा है। पांचवें समन के बाद केजरीवाल इस आधार पर ईडी के समन का विरोध कर रहे हैं कि जब खुद ईडी ने पीएमएलए की विशेष अदालत में शिकायत की है और अदालत में 16 मार्च को इस पर सुनवाई होने वाली है तो उससे पहले समन जारी नहीं होना चाहिए। दूसरी ओर ईडी का कहना है कि पीएमएलए कोर्ट में उसकी शिकायत पर जो सुनवाई है वह बिल्कुल दूसरे मामले पर है। ईडी ने अदालत में यह याचिका नहीं दी है कि अदालत केजरीवाल को निर्देश दे कि वे ईडी के सामने पेश हों। अदालत में केंद्रीय एजेंसी के समन की अनदेखी से जुड़े बड़े सवालों पर सुनवाई होगी। एजेंसी ने कहा है कि जब मुख्यमंत्री जैसे ऊंचे पद पर बैठे लोग समन की अनदेखी करते हैं तो उसका गलत मैसेज जाता है। ईडी ने यह भी कहा कि केजरीवाल एजेंसी की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और उसमें बाधा डाल रहे हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में तो 16 मार्च को सुनवाई होगी लेकिन उससे पहले इन सवालों पर सवोच्च अदालत ने ही स्थिति साफ कर दी है। इसलिए विशेष अदालत से कोई राहत हासिल करने की केजरीवाल की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। असल में बिल्कुल ऐसे ही मामले में तमिलनाडु की सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी। केंद्रीय एजेंसियों ने बालू के अवैध खनन से जुड़े मामलों में तमिलनाडु के कुछ जिला कलेक्टरों को समन भेजा था और पूछताछ के लिए बुलाया था। तमिलनाडु सरकार ने इसे चुनौती दी थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार यानी 27 फरवरी को इस पर सुनवाई में दो टूक अंदाज में कहा कि एजेंसियों के समन पर सबको हाजिर होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि, जिसको एजेंसी समन देकर बुलाए वह एजेंसी के सामने हाजिर हो।

धनुष की फिल्म तेरे इश्क में का नया टीजर आउट, रिलीज डेट से उठा पर्दा

साउथ सुपरस्टार धनुष की अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की हर एक अपडेट का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हाल ही में धनुष की फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था जिसमें एक मिस्ट्री गर्ल को लेकर सस्पेंस क्रीएट किया गया था. लेकिन अब नए टीजर में मिस्ट्री गर्ल का चेहरा सामने आ गया है. इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है. तो आइए जानते हैं रांझणा के बाद धनुष इस अपकमिंग फिल्म में किस बॉलीवुड एक्ट्रेस के साथ इश्क फरमाने जा रहे हैं.धनुष की रांझणा को क्रिटिक्स और दर्शकों की खूब सराहना मिली थी और आज भी रांझणा के गाने, डायलॉग तक युवाओं की जुबान पर चढ़े रहते हैं. अब फिर से धनुष ऐसी ही धमाकेदार लव स्टोरी के साथ वापस आ रहे हैं. जिसका नाम

है— तेरे इश्क में. धनुष ने एक दिन पहले एक टीजर रिलीज किया था जिसमें वे हाथ में मशाल लिए कहते हैं, पिछली बार तो कुंदन था मान गया, पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे. जिसके बाद एक वॉइस ओवर आता है जिसमें एक मिस्ट्री गर्ल की आवाज होती है.

हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए टीम घोषित की

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2024—25 के भुवनेश्वर चरण से पहले 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की, जो कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। अनुभवी ड्रैग—फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे, जबकि उनके साथ डिप्टी हार्दिक सिंह होंगे। भारत अपने अभियान में 15 से 25 फरवरी तक स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेलेगा, जिसमें प्रत्येक टीम के साथ दो—दो मैच खेले जाएंगे। जूनियर टीम और मौजूदा हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन ने 22 वर्षीय अंगद बीर सिंह और 20 वर्षीय अर्शदीप सिंह को आगामी एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया है। टीम में पहली पसंद के गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक के साथ सूरज करकेरा और प्रिंसदीप सिंह शामिल हैं। जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, वरुण कुमार और यशदीप सिवाच डिफेंस में तैनात रहेंगे। मिडफील्ड में टीम में राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और राजिंदर सिंह हैं।

विराट कोहली से मिलने मैदान में घुसा फैन, छुए पैर, फिर सुरक्षाकर्मियों ने किया ये हाल

नईदिल्ली, दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच खेला जा रहा है. दिल्ली की तरफ से खेल रहे विराट कोहली इस मैच का मुख्य आकर्षण हैं. दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ ने इस मैच के लिए एंट्री फ्री कर रखी है. इस वजह से फैंस की भारी भीड़ है. अमूमन रणजी ट्रॉफी के मैचों में दर्शक दीर्घा खाली रहता है. लेकिन इस मैच में विराट की वजह से स्टेडियम भरा हुआ है. मैच के दौरान एक फैन विराट से मिलने के लिए मैदान में धुस गया. इसके बाद जो हुआ उसने शायद सोचा भी नहीं होगा.

खचाखच भरे स्टेडियम में से एक फैन सारे सुरक्षा घेरे को तोड़ता हुआ मैदान में जा पहुंचा. वो विराट कोहली के पास पहुंचा और उनके पैर छुए. इतने में सुरक्षाकर्मी आ गए और उसे पकड़ कर



ले जाने लगे. फैंस की इस हरकत से सुरक्षाकर्मी काफी गुस्से में दिखे. एक सुरक्षाकर्मी को गुस्से में फैन को थप्पड़ लगाते भी देखा गया.

विराट कोहली ने आखिरी बार 2012 में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेला था. तब वे बतौर बल्लेबाज विश्व क्रिकेट में दस्तक दे रहे थे. वे जब वापस आए हैं तो उनका रुतबा एक महान बल्लेबाज का बन चुका है. ऐसे में विराट को देखने के लिए भीड़ का जुटना लाजमी था. फैंस के लिए इस मैच के परिणाम से ज्यादा महत्व विराट को देखना, उनके साथ सेल्फी लेना या उनका ऑटोग्राफ लेना है.

नागा चैतन्य और साई पल्लवी की बहुप्रतीक्षित फिल्म थंडेल का ट्रेलर आउट

नागा चैतन्य, साई पल्लवी की आगामी मनोरंजक फिल्म थंडेल, जो 7 फरवरी को विभिन्न भाषाओं में शानदार रिलीज के लिए तैयार है, फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त दिलचस्पी पैदा कर रही है। फिल्म के प्रमोशन ने पहले ही फिल्म प्रेमियों को तीव्र भावनाओं और एक्शन ब्लॉक के साथ आकर्षित किया है। आज, निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया। कल जारी किए गए ट्रेलर के प्रस्तावना को सभी तिमाहियों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। ट्रेलर में रोचक और यथार्थवादी तत्व हैं, जो फिल्म प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। नागा चैतन्य को मछुआरे राजू के रूप में

पेश किया गया है और यथार्थवादी लुक पाने के लिए उन्होंने उल्लेखनीय बदलाव किए हैं। ट्रेलर में रोमांटिक तत्व भरे हुए हैं और इसने राजू और बुज्जी थल्ली के बीच साझा गहरे प्रेम को उजागर किया है, जिसे बहुमुखी अभिनेता साई पल्लवी ने निभाया है। उनकी कहानी तब मुश्किल में पड़ जाती है जब राजू पाकिस्तानी जलक्षेत्र में प्रवेश करता है और पकड़ा जाता है। देशभक्ति के दृश्य और संवाद दर्शकों के दिलों को छूते हैं। ट्रेलर में थंडेल का अर्थ भी बताया गया है, जिसका मतलब लीडर होता है। निर्देशक चंदू मोंडेती ने नागा चैतन्य और साई पल्लवी से बेहतरीन अभिनय करवाया है और शमदत सैनुद्दीन की सिनेमैटोग्राफी और देवी श्री प्रसाद के बैकग्राउंड स्कोर ने दर्शकों को कहानी में बांधे रखा।

कन्नप्पा में रेबेल स्टार प्रभास का फर्स्ट लुक की पहली झलक आई सामने

फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म होने वाला है क्योंकि रेबेल स्टार प्रभास की नई फिल्म कन्नप्पा का फर्स्ट लुक 3 फरवरी 2025 को रिलीज किया जाएगा. इस फिल्म में प्रभास के किरदार की पहली झलक को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है. कन्नप्पा में विष्णु मंचु मुख्य भूमिका में हैं, और इसे निर्देशक मुकेश कुमार सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है. फिल्म का निर्माण मोहन बाबू द्वारा किया गया है. फिल्म के पोस्टर में दर्शाया गया है कि यह कहानी एक योद्धा और परम भक्त की अद्भुत यात्रा को पेश करेगी. प्रभास का यह नया अवतार दर्शकों के लिए एक खास अनुभव लेकर आएगा. फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि कन्नप्पा भारतीय संस्कृति और पौराणिक कथाओं पर आधारित एक महाकाव्य फिल्म होगी. फैंस को 3 फरवरी का बेसब्री से इंतजार है, जब कन्नप्पा का फर्स्ट लुक ऑफिशियल तौर पर सामने आएगा.

उस्मान ख्वाजा ने जड़ा करियर का पहला दोहरा शतक

—ऐसा करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने, विशाल स्कोर की तरफ कंगारू

नईदिल्ली, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच गाले में खेला जा रहा है. ये टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के लिए काफी यादगार रहा है.

लंब समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे ख्वाजा ने न सिर्फ फॉर्म में वापसी करते हुए शतक लगाया है बल्कि अपने शतक को दोहरे शतक में बदला है. ये उनके करियर का पहला दोहरा शतक है. साथ ही वे श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज

बन गए हैं.उस्मान ख्वाजा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज किया था. पिछले 14 साल में उन्होंने अपने करियर में खेले 78 टेस्ट में 15 शतक लगाए थे. गाले टेस्ट उनके करियर का 79 वां टेस्ट है. उन्होंने 16 वां शतक जड़ा है और इस शतक को उन्होंने दोहरे शतक में बदल दिया है. ख्वाजा श्रीलंका में टेस्ट दोहरा शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं. दूसरे दिन लंच तक ख्वाजा 298 गेंद में 204 रन बनाकर नाबाद थे. इसमें 16 चौके और 1 छक्के शामिल हैं.

ये टेस्ट स्टीव स्मिथ के लिए भी शानदार रहा है. इस टेस्ट में स्मिथ ने अपने करियर के 10,000 रन पूरे किए हैं. स्मिथ ने इस पारी में 35 वां शतक लगाया. वे दूसरे दिन लंच से पहले 251 गेंद पर 12 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 141 रन बनाकर आउट हुए. ऑस्ट्रेलिया इस मैच में बड़े स्कोर की तरफ तेजी से बढ़ रही है. दूसरे दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया ने 3 विकेट के नुकसान पर 475 रन बनाए हैं. ख्वाजा 204 के साथ जोश इंग्लिश 44 के स्कोर पर नाबाद हैं. पहले दिन हेड 57 और मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर आउट हुए थे.

संक्षिप्त समाचार

खाटू श्याम लीला में प्रतिभाग करने का निर्णय

जयन्त प्रतिनिधि । कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत गोखले मार्ग स्थित अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महा संगठन की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में हरिद्वार में होने वाले खाटू श्याम लीला में प्रतिभाग करने का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया गया। महा संगठन के सचिव राम प्रसाद जिंदल ने कहा कि आठ फरवरी को हरिद्वार में वैश्य समाज की तरफ से खाटू श्याम लीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। मुंबई के सिनेमा कलाकार लीला का मंचन करेगें। महाभारत के प्रेम ऋषभ शुक्ला कृष्ण का रोल निभाएंगे।

शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले महान शहीदों की स्मृति में कलक्ट्रेट परिसर में 2 मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डीएम ने कहा कि हमेशा शहीदों की वीरता से प्रेरणा लें और देश की अखंडता तथा समृद्धि के लिए अपना योगदान दें। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के इस बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

तीर्थपुरोहितों ने किया बीकेटीसी के कार्य पर्यटन विभाग को स्थानांतरित करने का विरोध

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम के तीर्थ पुरोहितों ने 22 जनवरी को बदरी केदार मंदिर समिति से संबंधित समस्त कार्य पर्यटन विभाग को स्थानांतरित किए जाने के शासनादेश का विरोध किया है। ऊखीमठ में तीर्थ पुरोहितों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को इस बावत ज्ञापन भी दिया है। जिसमें तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि यदि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है, तो सभी तीर्थ पुरोहित उसका स्वागत करेंगे। साथ ही कहा कि उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों को हम कभी भी पर्यटक स्थल बनने नहीं देंगे। सीएम को दिए ज्ञापन में तीर्थपुरोहितों ने कहा कि भारतवर्ष के 12 ज्योर्तिलिंग व चारधाम पौराणिक काल से धार्मिक भावना के प्रतिक रहे हैं। ऐसे में किसी की धार्मिक भावना को राज्य सरकार की मंशा पर प्रशनचिह्न प्रतीत होता है। राज्य सरकार अन्य पर्यटक स्थलों जैसे मसूरी, नैनीताल, औली आदि को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित कर सकती है। तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि यदि केन्द्र या राज्य सरकार की इसी प्रकार की मंशा रहेगी कि धार्मिक स्थलों की महत्ता को समाप्त कर इन धार्मिक स्थलों को पर्यटक स्थल बना दिया जाए तो इसका समस्त तीर्थपुरोहित, चारधाम महापंचायत के साथ ही भारतवर्ष के समस्त तीर्थ पुरोहित एकमत होकर घोर विरोध के लिए मजबूर होंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। (एजेंसी)

प्रतियोगिता में उमैजा ने मारी बाजी

नई टिहरी : चंबा ब्लॉक के पांगरखाल संकुल के प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 3 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच भाषा और संख्या ज्ञान में निपुण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय ढुंगीधार की छात्रा उमैजा अली ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्हें पुरस्कार के रूप में दो हजार की धनराशि दी गई। राजकीय प्राथमिक विद्यालय पैन्यूला में आयोजित प्रतियोगिता में संकुल समन्वयक आनंदमणी पैन्यूली ने छात्रों को जानकारी दी। कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्रों के ज्ञान में वृद्धि होती है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सगवाण गांव के रियांश सजवाण दूसरे स्थान पर रहे। जबकि प्राथमिक विद्यालय बौराडी की सिया तृतीय स्थान पर रही। बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त पर रही छात्रा एक फरवरी को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

उद्योग और शिक्षा जगत में डिजिटल परिवर्तन है समय की मांग: अंबरीश

आईएचएमएस कालेज कोटद्वार में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

कोटद्वार के आईएचएमएस कालेज में संबोधित करते वक्ता

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कालेज की ओर से आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन समारोह पूर्वक शुरु हो गया। देश विदेश के शोधकर्ताओं ने उद्योग और शिक्षा जगत में डिजिटल परिवर्तन की प्रगति विषय पर अपने शोध प्रस्तुत किए। बृहस्पतिवार को कालेज के सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का बतौर अतिथि भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के महाप्रबंधक अंबरीश त्रिपाठी, देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के डीन प्रोफेसर अभय सक्सेना और कालेज के एमडी बीएस नेगी ने लॉट सुबेदार मेजर बलभद्र सिंह नेगी की प्रतिमा पर मल्यापर्ण कर और दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में बीईएल के महाप्रबंधक त्रिपाठ ने उद्योग और शिक्षा जगत में डिजिटल परिवर्तन की प्रगति विषय पर सम्मेलन कराने के लिए कालेज प्रबंधन की सराहना की। उन्होंनें कहा कि उद्योग और शिक्षा जगत में डिजिटल परिवर्तन समय की मांग है। उद्योग की बात करें तो बीईएल में रक्षा मंत्रालय से संबध सामान तैयार किया जाता है, लेकिन आने वाला समय गोली बारूद का नहीं है। अब डिजिटल परिवर्तन के रुप में ड्रोन हथियार आ गए हैं। जो कि देश की रक्षा के लिए चुनौती बने हुए हैं। इसलिए उद्योग जगत को डिजिटाइजेशन करने के लिए सबसे पहले इसकी बेहतर शिक्षा का होना जरुरी है। प्रोफेसर अभय सक्सेना ने छात्र-छात्राओं से डिजिटल में महारथ हासिल कर मेहनत और लगन के साथ कार्य करते हुए अपने परिवार, कॉलेज, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने और शोधकर्ताओं से समाज और देश के हित में इस विषय की गहराइयों में जाकर शोध करने की अपील की। इस अवसर पर कॉलेज की स्मारिका का विमोचन किया गया। कॉलेज के एमडी बीएस नेगी, ईडी अजय राज नेगी और डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाई (सेनि) ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. अश्वनी शर्मा, डिग्री कालेज कण्वघाटी के प्रोफेसर अनुराग शर्मा, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष सुरेंद्र जगवान, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष पंकज कुकरेती सहित सभी प्रध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर ममता ने किया।

नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य चुने विद्यार्थी

राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में परामर्श एवं मार्गदर्शक केरियर काउसलिंग एंड गाइडेंस, किशोरावस्था स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा. अनुराग शर्मा ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण होना आवश्यक है। दृढ़ इच्छा शक्ति लक्ष्यों की प्राप्ति होती है। वैश्वीकरण के दौर में रोजगार के विभिन्न आयाम है। परंपरागत रोजगार के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान पर आधारित रोजगार बढ़े हैं। एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग की विद्या मेहता ने कहा कि सरकार द्वारा ड्रग्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। किशोरावस्था स्वास्थ्य जागरूकता पर संबोधित करते हुए चिकित्साधिकारी डा. रश्मि ने कहा कि छात्राओं को अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर विजेंद्र सिंह नेगी, प्रधानाचार्य देवेंद्र राजपूत, रितिका आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सोहन लाल, सुनीता बिष्ट ने किया।

आग से बचाव के बताए तरीके

भारतीय खाद्य निगम में कर्मचारियों को माक ड्रिल के माध्यम से जानकारी देते कर्मचारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अग्निशमन व आपात सेवा केंद्र की ओर से भारतीय खाद्य निगम कंडी रोड में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निगम में तैनात कर्मचारियों को आग से बचाव के गुर सिखाए गए।

अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद्र गौतम व फायर यूनिट ने कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों की जानकारी होनी चाहिए। कहीं भी आग की घटना होने पर उसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दें। उन्होंने कर्मचारियों को जानकारी अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि आग से बचाव के लिए आमजन का जागरूक होना अति आवश्यक है। अग्निशमन विभाग ने माकड्रिल के माध्यम से कर्मचारियों को आग पर नियंत्रण पाने के तरीके बताए। इस दौरान निगम में लगे अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की गई।

तीन फरवरी से शुरू होगा पल्स अनीमिया महा अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्वास्थ्य विभाग पौड़ी के तत्वावधान में 3 से 10 फरवरी 2025 तक अनीमिया मुक्त उत्तराखंड के अंतर्गत जनपद में गर्भवती महिलाओं के लिए पल्स अनीमिया महा अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी डॉ. प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के दौरान जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा पंजीकृत सभी गर्भवती महिलाओं की अनीमिया जांच एवं नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान अनीमिया न केवल मां के स्वास्थ्य पर असर डालता है, बल्कि शिशु के कम वजन, समय से पहले जन्म और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं का कारण भी बन सकता है। महिला के प्रसव के बाद मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें, इसलिए गर्भवती महिला की अनीमिया की जांच अति आवश्यक है। जिसके लिए 10 फरवरी 2025 तक पल्स अनीमिया महा अभियान की शुरुआत की जा रही है। जिसके अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अनीमिया की जांच, गंभीर अनीमिया से ग्रसित महिलाओं का उपचार व रोकथाम के उपाय संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली गर्भवती महिलाओं को राजकीय चिकित्सा इकाइयों में उपचार करने पर 100 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जो कि अधिकतम 3 बार प्रदान की जाएगी।

जनता की हर समस्या का होगा निराकरण: शैलेंद्र

जयन्त प्रतिनिधि।

आयोजित कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर शैलेंद्र रावत का स्वागत करती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण व अन्य

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी ने नगर निगम के नव निर्वाचित मेयर और पार्षदों का अभिनंदन किया। इस दौरान नवनिर्वाचित महापौर शैलेंद्र रावत ने शहर के बेहतर विकास के लिए कार्य करने की बात कही।

गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खुडूड़ी भूषण, मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, चुनाव प्रभारी राकेश गिरि और चुनाव संयोजक ऋषि कंडवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि अब कोटद्वार डबल इंजन के साथ जुड़ गया है। अब यहां का निश्चित तौर पर विकास होगा। विधानसभा अध्यक्ष का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में ही कोटद्वार में भारतीय जनता पार्टी का मेयर बना। मौके पर चुनाव में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित मेयर तथा सभी पार्षदों को बधाई देते हुए कोटद्वार को एक सुंदर और स्वच्छ शहर बनाने की बात कही। नव निर्वाचित मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने भी कोटद्वार में विकास गतिविधियों को बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, जंग बहादुर रावत, मंडल अध्यक्ष हरि सिंह पुंडीर, प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, राकेश देवरानी, शांतनु रावत, संग्राम सिंह भंडारी और राज गौरव नौटियाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए दिए निर्देश

कोटद्वार स्थित अपने आवास में अधिकारियों की बैठक लेती विस अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर में स्वच्छता सहित अन्य व्यवस्था को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अधिकारियों की बैठक ली। कहा कि अधिकारी जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

गुरुवार को विस अध्यक्ष ने निंबूचौड़ स्थित अपने आवास में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुबह की सैर के दौरान मिलने वाली जनता उन्हें लगातार शहर की समस्याओं से अवगत करवाती है। शहरवासियों के समक्ष सबसे अधिक समस्या कूड़े की है। बताया कि सड़कों पर जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं।

ऐसे में नगर निगम सड़कों के किनारे कूड़ेदान लगवाएं। साथ ही स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत पर भी ध्यान दें। कई वार्डों में स्ट्रीट लाइन खराब पड़ी हुई है। ऐसे में अंधेरे के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर निगम नालियों की सफाई पर भी ध्यान दें। कहा कि नालियों की सफाई नहीं होने से वर्षाकाल में जलभराव की स्थिति बनी रहती है।

विस अध्यक्ष ने वन विभाग को जंगल के आसपास सुरक्षा दीवार बनवाने के निर्देश दिए। कहा कि जंगली जानवर आबादी में प्रवेश न करें इसकों लेकर वन विभाग गंभीरता दिखाएं। जिम्मेदारी को लेकर लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कंडाली में 12 वर्षों बाद मां इन्द्रासणी के देवरा से लौटने पर महायज्ञ शुरू

रुद्रपयाग : सिलगढ़ क्षेत्र की आराध्य देवी मां इंद्रासणी मंदिर कंडाली में कुंडगज एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ नौ दिवसीय अयुत्त महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हो गया है। 12 वर्षों बाद हो रहे महायज्ञ के पहले दिन करीब तीन हजार से अधिक भक्तों ने पहुंचकर पुण्य अर्जित किया। सात फरवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

कंडाली स्थित मां इन्द्रासणी देवी ने दो माह में सिलगढ़, बड़मा, भरदार, लस्या, तल्लानागपुर के करीब 100 गांवों के भ्रमण के बाद बीते 27 जनवरी को सूर्यप्रयाग में स्नान किया था। जिसके बाद मां की डोली ने तीन दिनों तक कंडाली गांव के पदानों के यहां विश्राम किया। गुरुवार को सुबह पुजारी ने मां इन्द्रासणी की विशेष पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाया। जैसे ही मां की डोली अपने मंदिर के लिए रवाना हुई, वैसे ही भक्तों के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। मां की डोली ने खेत-खलियानों में नृत्यकर भक्तों को अपना आशीष दिया।

विहिप और बजरंग दल ने व्यापारी पर कार्रवाई की मांग

रुद्रप्रयाग : एक व्यापारी द्वारा एक बयान में बजरंग दल पर मिथ्या व गलत आरोप लगाने को लेकर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। साथ ही ज्ञापन देकर उक्त व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष राजपाल नेगी, बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल खन्ना, विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष देवेंद्र खत्री और बजरंग दल के नगर संयोजक पवन बिष्ट ने कहा कि हाल ही में जनपद के बेंजी-सिल्ली निवासी दिनेश लाल ने कोतवाल निरीक्षक को लिखित तहरीर देकर उसके पुत्र अनुराज को रुद्रप्रयाग शहर के पुराने विकास भवन कार्यालय के सामने व्यापारी ताहिर द्वारा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे प्रताडित करने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि व्यापारी द्वारा दुकान में किए गए काम का मेहताना भी नही दिया गया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. 03/2025 — दिनांक : 30.01.2025

क्र. सं.	कार्य का नाम एवं लोकेशन	कार्य की अनुमानित लागत (रु.)	कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है	बिड सिक्यूरिटी राशि (रु.)	कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय	वेबसाइट एवम कार्यालय का पता
1	14/वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा./2024 चौथी कॉल:- मुरादाबाद मंडल में विभिन्न स्थानों पर स्थापित यूटीएस और पीआरएस, बैटरी बैंक के साथ विभिन्न प्रकार और क्षमता के ऑन-लाइन यूपीएस (UPS) के तीन (3) वर्षों का व्यापक वार्षिक रखरखाव के लिए अनुबंध (CAMC)	5623105.36 (जीएसटी सहित)	विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद	112500.00	36 (छत्तीस) महीने	निविदायें दिनांक 21.02.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी।	वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद।

334/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

महात्मा गांधी के विचारों पर चलने का संकल्प

कोटद्वार महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने महात्मा गांधी के विचारों पर चलने का संकल्प लिया।

गुरुवार को पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। तत्पश्चात वक्ताओं ने राष्ट्रपिता के अहिंसा, सत्य, और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

कहा कि आज के समय में बापू के विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं और समाज में प्रेम, भाईचारे और शांति को बनाए रखने के लिए हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलना होगा। मौके पर कार्यकर्ताओं ने मिलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय मित्तल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व प्रधान लक्ष्मी नेगी, बृजपाल सिंह नेगी, साबर सिंह नेगी, दान सिंह रावत, विजय माहेश्वरी और चंद्रमोहन सिंह नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी. व ई.पी.एफ. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 19.02.2025 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 18.02.2025 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक / डाकघर की एफडीआर/ सीडीआर / राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

निविदा संख्या	निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त)	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि (रू.)
27/ 2024-25	₹250/-	वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों पेयजल योजना में लाइन निर्माण का कार्य।	11000.00

पत्रांक: 164/विविखको/टी-6 — दिनांक: 30.01.2025 — अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

जनपद स्तरीय अधिकारी करेंगे ग्राम पंचायतों का भ्रमण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराने के उद्देश्य से सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जनपद स्तरीय अधिकारी गांव में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि सभी अधिकारी उन्हें आवंटित ग्राम पंचायतों का भौतिक स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही उस ग्राम में जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन से संबंधित कार्यों की निगरानी करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि अधिकारी उन्हें आवंटित ग्राम पंचायत की भ्रमण आख्या जिला कार्यालय व मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि माह जनवरी हेतु जारी रोस्टर के अनुसार उप वन संरक्षक कल्याणी विकासखंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत भैंसगांव में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगी। इसी तरह अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ग्राम पंचायत कमेड़ा, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार ग्राम पंचायत आगर में तथा परियोजना निदेशक विमल कुमार ग्राम पंचायत मयकोटी में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत कांदी में तथा उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष धिल्डियाल ग्राम पंचायत क्वीली में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया विकासखंड जखोली की ग्राम पंचायत उरोली में तथा उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ग्राम पंचायत दैड़ा में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे ग्राम पंचायत तिनसोली, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड खुशवंत सिंह चैहान सौड़ भट्टगांव, अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई पवन कुमार ग्राम पंचायत उत्तर्सू अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग प्रेरणा जगूड़ी विकासखंड ऊखीमठ की ग्राम पंचायत ल्वारा तथा प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रती लाल उनियाणा में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	315-DRM-MB-24-25 DATE 29.01.2025	316-DRM-MB-24-25 DATE 29.01.2025	317-DRM-MB-24-25 DATE 29.01.2025
कार्य का नाम	Heavy Repair to staff quarters at way side stations (excluding RAC Station) with Drains, septic tank Manhole, Floor, Plaster, and door/ window and other misc. work under SSE/W/RAC	Heavy Repair to staff quarters at way side stations (excluding BE Station) with Drains, septic tank Manhole, Floor, Plaster and door/ window and other misc. works under ADEN/BE	Heavy Repair to staff quarters at way side station (excluding SPN Station) with Drains, septic tank Manhole, Floor, Plaster, and door/ window and other misc. work under SSE/W/SPN
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	24.02.2025, 16:00 hrs.	24.02.2025, 16:00 hrs.	24.02.2025, 16:00 hrs.
अनुमानित लागत (रु.)	69,94,855.64	64,96,637.62	69,99,745 .96
धरोहर राशि (रु.)	1,39,900.00	1,29,900.00	1,40,000.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	10.02.2025	10.02.2025	10.02.2025
आफर की वैधता	60 days	60 days	60 days
कार्य पूर्ण करने की अवधि	8 Months	08 Months	08 Months

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication — दिनांक: 29.01.2025 — 325/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

अंग्रेजी शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली कीर्तिनगर के अंतर्गत मादक पदार्थों के अवैध क्रय विक्रय और परिवहन किए जाने के विरुद्ध दो युवकों पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान मढ़ी कालोनी चौरास से दो युवकों से 106 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किये गये हैं। बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ अबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक यशवंत सिंह खत्री, मनमोहन, रविन्द्र, विनीत सेमवाल सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

आयुष एससीईआरटी छात्रवृत्ति के लिए चयनित

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय इंटर कॉलेज खण्डाह खिर्सू में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद देहरादून (एससीईआरटी) की ओर से छात्रवृत्ति देने के लिए आयोजित की गई परीक्षा में कक्षा 8 के छात्र आयुष नेगी का चयन हुआ है। परीक्षा में पास हुए छात्रों को प्रतिवर्ष की दर से अगले चार वर्षों तक 15 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। छात्रवृत्ति परीक्षा में आयुष नेगी के चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र प्रसाद किमोठी, महेश गिरि, विक्रम सिंह नेगी, गोविन्द नंथवान, कुंज बिहारी सकलानी, हेम चंद्र मंमगाई, राजवीर सिंह बिष्ट, मंजू असवाल, कुसुमलता थपलियाल, भाष्कारानंद गौड़, भगवती प्रसाद गौड़ ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की।

शराब के साथ एक गिरफ्तार

चमोली : होटल में अवैध शराब का भंडारण करने के आरोप में नन्दानगर पुलिस ने शराब के जखीरे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बुधवार रात्रि को नन्दानगर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम सितेल बाजार में एक होटल में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर होटल की तलाशी ली गयी तो गुप्त रूप से रखी शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया शराब की बरामदगी के आधार पर आरोपी 38 वर्षीय अब्बल सिंह निवासी ग्राम सितेल को गिरफ्तार किया गया।

आजीविका विकास की 200 योजनाओं को हरी झंडी

देहरादून। राज्य में आजीविका से जुड़ी योजनाओं के संचालन से महिलाओं की आय में कितनी वृद्धि हुई है ? सभी जिलाधिकारियों से इस प्रश्न के साथ रिपोर्ट तलब करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को आजीविका से जुड़ी सभी योजनाओं की आउटपुट मॉनिटरिंग करने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस सम्बन्ध में नियमित डेटा जुटाने के निर्देश दिए हैं।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् विश्वविद्यालय रूड़की के तहत संचालित भारतम इंस्टिटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज से कप्यूंटर साईंस से डिप्लोमा इंजीनियरिंग की शिक्षा उत्तीर्ण की है। मेरी कप्यूंटर साईंस से डिप्लोमा इंजीनियरिंग की डिप्लोमा व मार्कशीट कहीं गुम हो गई है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले।

मुकेश कुमार सिंह पुत्र श्री मदन मसी निवासी-57/1, बापूनगर, फेस-2 राजपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड।

(0713/21)

ग्रीष्मकाल में पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों में तैयारियां करे पूरी : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने एनआईसी कक्ष में जल जीवन मिशन व ग्रीष्मकाल में पेयजल किल्लत को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल किल्लत की संभावना आ सकती है उन क्षेत्रों में अभी से तैयारियां पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को गति देते हुए गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा।

गुरुवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने ग्रीष्मकाल में जिन क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत होने की संभावना है उन क्षेत्रों के गांवों को चिन्हित कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जल निगम व जल संस्थान को दिये। साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को चिन्हित गांवों व नगर क्षेत्रों का सर्वे कर जांच करने को कहा। उन्होंने जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन गांवों व नगर क्षेत्रों में गर्मियों के सीजन में पेयजल किल्लत की संभावना अधिक रहती है उन क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई को लेकर जो भी कार्यवाही की जानी है उसकी तैयारियां अभी से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन की बैठक लेते हुए जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जो कार्य प्रगति पर हैं उन्हें गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करना करें। जिससे आम जनमानस को समय से पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को कहा कि हर घर जल प्रमाणन की कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को हर घर जल प्रमाणन की कार्यवाही के लिए 15 फरवरी तक 200 का लक्ष्य दिया है। बैठक में बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 2933 में से 1702 गांवों में पेयजल प्रमाणित हो चुका है। साथ ही 2538 योजनाओं में से 43 कार्य गतिमान पर हैं। जिलाधिकारी ने फरवरी माह में 16 कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है। वहीं तृतीय पक्ष निगरानी टीम द्वारा पेयजल गुणवत्ता की जांच कर 321 रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, अधीक्षण अभियंता जल निगम मो. मीशम, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान प्रवीण कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके रॉय, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष मिश्रा, पीडी स्वजल दीपक रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया कुष्ठ उन्मूलन का संदेश

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों में कुष्ठ उन्मूलन दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में कुष्ठ रोगियों को मुख्य धारा में लाने का संकल्प लिया व कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव की भावना को समाप्त करने की प्रतीज्ञा ली। वहीं, नुक्कड़ नाटक के जरिए कुष्ठ उन्मूलन का संदेश भी दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव की भावना के प्रति शून्य सहिष्णुता की शपथ ली। स्वास्थ्य कर्मियों से कुष्ठ रोगियों के प्रति स्नेह व सेवा भावना को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम समन्वयक एवं एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. शाकिब हुसैन ने बताया कि जनपद में आगामी 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत आशा कार्यकर्ती, आशा फेसिलिटेटर, एनएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ सहित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में भी कुष्ठ उन्मूलन की शपथ ली गई।

समाजसेवी ने जलसमाधि की दी चेतावनी

श्रीनगर गढ़वाल : अलकनंदा जल विद्युत परियोजना के प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर समाजसेवी सतीश थपलियाल ने परियोजना निदेशक को पत्र भेजा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने नौ सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। थपलियाल ने कहा कि 28 फरवरी तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो वह जल समाधि लेने को मजबूर होंगे। बताया कि परियोजना को शुरू हुए 10 साल से अधिक का समय हो गया है, लेकिन अभी तक प्रभावित परिवारों के साथ किए गए करार को पूरा नहीं किया गया। उन्होंने प्रभावित परिवार के सदस्यों को नौकरी देने, मंजाकोट नाले पर मोटर पुल निर्माण, पावर चैनल के दोनों ओर की सड़कों का डामरीकरण करने झील से पावर हाउस के बीच सूखी नदी में जल प्रवाह बनाए रखने समेत अन्य मांगे रखी हैं। थपलियाल ने कहा कि तीन सप्ताह के भीतर अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 18 फरवरी से सभी प्रभावित परिवार अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। इसके उपरांत भी अगर कोई ठोस निर्णय परियोजना द्वारा नहीं लिया जाता है तो 28 फरवरी को वह जलसमाधी लेने के लिए मजबूर होंगे।

महिला की गुमशुदगी दर्ज, तलाश शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : कोतवाली श्रीनगर में एक महिला की गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ। पुलिस के अनुसार घसियामहादेव निवासी समीर ने मामला दर्ज कराया कि उनकी पत्नी संजना बीते दो दिन पहले घर से कही चले गयी मगर वापस नहीं लौटी। इस पर उसे आस-पास के रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी उसकी जानकारी नहीं मिल पाई। श्रीनगर कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक मुकेश भट्ट ने बताया कि महिला की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है। (एजेंसी)

एनएच विस्तारीकरण में प्रभावित हितबद्ध भूमिधरों को जल्द मिलेगा मुआवजा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राष्ट्रीय राजमार्ग-119 के विस्तारीकरण कार्यों के तहत प्रभावितों/हितबद्ध भूमिधरों को दिये जाने वाले प्रतिकर/मुआवजे को लेकर जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय से वीसी के माध्यम से अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सम्बन्धित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रभावितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि का प्राथमिकता के आधार पर भुगतान करें।

गुरुवार को आयोजित एनएच की इस बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-119 के अन्तर्गत दो स्ट्रेट में विस्तारीकरण के कार्य से प्रभावित कुल 6730 हितबद्ध भूमिधरों को मुआवजे का वितरण किया जाना है। जिसमें पहले स्ट्रेच गुमखाल-सतपुली के अन्तर्गत कुल 3201 प्रभावितों, जबकि स्ट्रेच दो पैडुल-श्रीनगर के बीच में कुल 3529 भूमिधरों को मुआवजे का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि कोटद्वार बाईपास के अन्तर्गत 5058 भूमिधरों में से 4969 भूमिधरों को मुआवजा वितरण किया जाना शेष है। जिलाधिकारी सभी सम्बन्धित उप-जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन मोड़ पर कार्य करते हुए सभी प्रभावितों को मुआवजा वितरण किये जाने सम्बंधी पत्रावलीयां तैयार करें। गुमखाल-सतपुली के बीच में मग डम्पिग जोन के लिए भूमि चयन को लेकर जिलाधिकारी ने सम्बंधित उप जिलाधिकारियों व एनएच के अधिकरियों को निर्देश दिये कि डम्पिग जोन के लिए भूमि चिन्हित करते हुए प्राथमिकता से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एनएच के अन्तर्गत जल संस्थान व विद्युत विभाग की परिसम्पतियों को शिफ्ट किये जाने के लिए जिलाधिकारी ने एसडीएम सतपुली, जल संस्थान व विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक कर शिफ्टिग की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने एनएच के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विस्तारीकरण के कार्यों के तहत छपान/कटान के उपरान्त लॉग को सड़क से प्राथमिकता के आधार पर उठान करें, ताकि यातायात में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि प्रतिकर वितरण के लिए हितबद्ध भूमिधर को अभिलेख के रुप में बैंक खाता संख्या, आईएफएस कोड के विवरण से युक्त बैंक पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति, पेन कार्ड व आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति, हितबद्ध भूमिधर द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र की मूल प्रति, अर्जित की गयी भूमि का विवरण प्रमाण पत्र मूल रुप में, सीसी फार्म, जिसमें काश्तकार की फोटो एवं रसीद टिकट पर हस्ताक्षर कराकर क्षेत्रीय राजस्व उपनिरिक्षक द्वारा सत्यापन किया गया हो मूल रुप में, अर्जित भूमि की हाल खतौनी की प्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य है। बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, एसडीओ आईशा बिष्ट के अलावा एनएच के अधिकारी, एसडीएम कोटद्वार सोहन सैनी, जॉइंट मजिस्ट्रेट पौड़ी दीपक रामचंद्र शेट आदि वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

चारधाम यात्रा का सकुशल संचालन कराना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिले में चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में तीर्थ पुरोहितों, मंदिर समिति के पदाधिकारियों, होटल एसोसिएशन, ट्रांसपोटर्स और व्यापार मंडल पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा का सकुशल संचालन करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना है। विगत यात्रा सीजन में जो समस्याएं सामने आई है, निश्चित रूप से उनको दूर किया जाए। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के अधिकांश कार्य यात्रा सीजन से पहले पूर्ण होने जा रहे है। धाम में विद्युत, पेयजल, सीवर लाइन एवं अन्य व्यवस्थाओं को यात्रा से पहले सुनिश्चित कर लिया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी के माध्यम से सभी विभागों के साथ बैठक करते हुए निर्देशित किया जा चुका है। हेमकुंड मार्ग पर भी यात्रा से पूर्व सभी सुविधाओं को बहाल किया जाएगा। बैठक में चारधाम यात्रा से जुड़े विभिन्न स्टेक होल्डर्स ने अपने सुझाव रखे। होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि अन्य धामों की अपेक्षा बद्रीनाथ धाम में यात्रियों के ठहरने की क्षमता अधिक है। यहां के लिए यात्रियों की संख्या सीमित नहीं की जानी चाहिए। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने आस्था पथ, ब्रह्मकपाल, तप्त कुंड, तीर्थ पुरोहित आवास और बद्रीनाथ धाम के लिए सुव्यवस्थित ट्रैफिक प्लान बनाने का सुझाव रखा। पदाधिकारियों ने मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं से अनावश्यक पैसे लेकर दर्शन कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात रखी। साथ ही बद्रीनाथ धाम में गरीब श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क शिविर संचालित करने का भी सुझाव दिया। पीपलकोटी क्षेत्र में यात्रा सीजन में पानी और विद्युत आपूर्ति की समस्या को दूर करने की बात रखी गई। यात्रा के दौरान उपद्रव मचाने वालों खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने का सुझाव दिया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के सकुशल संचालन के लिए जो भी सुझाव प्राप्त हुए उन्हें ध्यान में रखते हुए कार्य किए जाएंगे। बैठक में उप जिलाधिकारी सीएस वशिष्ठ, गुरुद्वारा प्रबंधक सेवा सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती, प्रवीन ध्यानी, अनिल सती, होटल एसोसिएशन के प्रदेश प्रभारी टीका प्रसाद मैखुरी, राजेश मेहता, प्रदेश संगठन मंत्री अतुल शाह, घांघरिया होटल एसोसिएशन से प्रताप चौहान, गोपेश्वर व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद जोशी, अध्यक्ष घोडा-खच्चर एवं मजदूर समिति कमलेश चौहान, चेयरमैन ईडीसी प्रवीन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

छात्रों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : दस सूत्रीय मांगों को लेकर छात्र नेता सौरभ चंद्र सानू ने गुरुवार को गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा। सौरभ ने छात्रों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की है। बताया कि मांगों पर कुलपति प्रो. एमएम एस रौथाण ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। सौरभ ने कहा कि प्रशासनिक भवन व बिड़ला परिसर का प्रवेश गेट एनएच किनारे होने के चलते जेबरा क्रासिंग की सुविधा उपलब्ध कराये जाने, बीएड टीग्रेटेड कोर्स के छात्रों का अध्ययन व परीक्षाओं में आ रही दिक्कतों का समाधान, छात्रसंघ चुनाव के दौरान हुई अनियमितताओं की जांच के लिए समिति तैयार करने, पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अंतिम वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थियों को सम्मिलित करने, एमलिव व बीएससी गृह विज्ञान कोर्स का संचालन समेत शिक्षकों के लिए अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक की व्यवस्था करने की मुख्य मांगे रखी हैं। (एजेंसी)

निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

चमोली : राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कुलसारी में गुरुवार को भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें एलपीजी गैस सिलेंडर की गुणवत्ता और उसमें भरी जाने वाली गैस के लाभ से छात्राओं को अवगत कराया गया। निबंध का विषय एलपीजी गैस सिलेंडर रहा। मानक ब्यूरो की प्रियंका ने छात्र-छात्राओं को गैस सिलेंडर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह भारतीय मानक ब्यूरो एलपीजी गैस सिलेंडर को मानको को के अनुसार ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए कार्य करता है।

विद्यालय के डा. महेंद्र लाल टम्टा ने भारतीय मानक ब्यूरो के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के समन्वयक प्रधानाचार्य दिनेश कुमार द्वारा भी छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित जानकारियां दीं। (एजेंसी)

डीएम बंसल की उपस्थिति में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

देहरादून। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी सविन बंसल की उपस्थिति में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। इस अवसर पर मा0 सांसद ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। मा0 सांसद ने निर्देश दिए कि हेलीमेट न होने पर चालान की बजाय सम्बन्धित से धनराशि लेकर हेलीमेट दिया जाए। सांसद ने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के परिवालन हेतु स्कूलों में बच्चों की काउंसिलिंग की जाए।

डीएम के महत्वकाशी प्राजेक्ट 'उत्कर्ष' को हुडको एवं ओएनजीसी का सहयोग मिला

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बसंल के महत्वाकाशी योजना ''प्रोजेक्ट उत्कर्ष'' उत्कर्ष के माध्यम से जनपद के सरकारी स्कूलों को आधुनिकीकरण करने में जुटे हैं। जनपद के दुर्गम क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में भी अब फर्नीचर, आधुनिक तकनीक से जोड़ने का काम किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में फर्नीचर, उपकरण के साथ खेल अवस्थापना सुविधा से जोड़ने हेतु जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत् है। वही इस डीएम के इस महत्वकाशी प्राजेक्ट को हुडको एवं ओएनजीसी का सहयोग मिला है,ए सीएसआर फंड में 1.5 करोड़ की धनराशि देने की स्वीकृति के साथ ही वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए धनराशि जारी करने की स्वीकृति दी है।

शहीद दिवस पर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

चमोली : देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को जनपद में सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में सुबह 11:00 बजे दो मिनट का मौन रखा गया। जिला कार्यालय, विकास भवन सहित जनपद के सभी तहसील एवं ब्लाक कार्यालयों में समस्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा आजादी को सहेज कर रखने में अपनी शहादत देने वाले शहीदों को भी नमन किया। आजादी के आंदोलन में असंख्य वीर-वीरांगनाओं ने अपने प्राणों की बाजी लगाई। आज उन सभी जाने अनजाने शहीदों को भी मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और शहीदों द्वारा स्थापित आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर एक समृद्ध राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया गया। मौन धारण की सूचना के लिए सुबह 10:59 बजे सायरन बजाया गया और सभी गतिविधियां व काम रोककर शहीदों की स्मृति में मौन धारण किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, कोषाधिकारी पंकज श्रीवास्तव सहित कलेक्ट्रेट परिसर के तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। (एजेंसी)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

E Mail ID :- eepwdcdpauri@gmail.com, eepwdcdpauri@rediffmail.com, Fax & Phone No. (01368-222284)

पत्रांक 187/20ए0सी0 — दिनांक 30/01/2025

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा (सिंगल बिड) आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें http://www.uktender.gov.in पर दिनांक 04.02.2025 से उपलब्ध होगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा का मूल्य (रू0 में)	निविदा की वैद्यता (दिन)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह)	ठेकेदार की श्रेणी।
1	2	3	4	5	6	7
1	डिपोजिट मद के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के मुख्यालय पौड़ी में स्थित पुराने कलक्ट्रेट परिसर में शौर्य स्तम्भ (वार भवन मेमोरियल) का निर्माण कार्य।	2,84,000.00	4000.00 +18% GST	90	12	लोक निर्माण विभाग में कार्य हेतु श्रेणी -''सी'' एवं उच्चतर

शर्तें

1- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

2- निविदा शुल्क रू0 4000.00 एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 शुल्क अलग-अलग मान्य होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी

(0712/55)

केदारनाथ यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : नौटियाल

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : विधायक केदारनाथ श्रीमती आशा नौटियाल ने कहा कि केदारनाथ यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। केदारनाथ यात्रा स्थानीय लोगों के व्यवसाय से भी जुड़ी है इसलिए यह जरूरी है कि आने वाले तीर्थ यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि बाबा केदारनाथ के दर्शन के बाद तीर्थ यात्री यहां से अपने साथ सुखद एवं आनंद का अनुभव लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि यात्रा के समय अधिक भीड़ होने पर हमारे जो भी महत्वपूर्ण स्थान है उनका भी बेहतर ढंग से प्रचार-प्रसार किया जाए तथा तीर्थ यात्रियों से दर्शन कराए जाएं।

ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम की वर्ष 2025 की यात्रा को सुगम, सुव्यवस्थित एवं बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए विधायक केदारनाथ श्रीमती आशा नौटियाल की उपस्थिति एवं जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकासखंड सभागार ऊखीमठ में तीर्थ पुरोहितों, केदारसभा, जनप्रतिनिधियों, होटल एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन, घोड़ा-खच्चर एवं डंडी-कंडी संचालकों तथा यात्रा से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, तीर्थ पुरोहितों, केदारसभा, होटल एसोशिएशन, टैक्सी यूनियन, घोड़ा-खच्चर संचालकों से कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा एक महत्वपूर्ण यात्रा है, जिसमें देश-विदेश के तीर्थ यात्री दर्शन के लिए पहुंचते हैं तथा उन्हें धाम में उचित सुविधा एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध हों इसमें सभी का सहयोग बहुत आवश्यक है तभी हम यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं उन सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने यात्रा मार्ग में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए स्थानीय लोगों से अपेक्षा की है कि जिनके पास भी भूमि है तथा पार्किंग के लिए उपलब्ध करा सकते हैं इसके लिए वे अपना प्रस्ताव उप जिलाधिकारी को उपलब्ध करा सकते हैं। बैठक में जिन स्थानों में पार्किंग के लिए सुझाव दिए गए हैं उन स्थानों में संबंधित के साथ तहसीलदार को 2-3 दिन के भीतर निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पेयजल व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देश दिए हैं कि वे सभी के साथ सोनप्रयाग में बैठक कर लें तथा जिन स्थानों पर पानी की समस्या है उन्हें चिन्हित कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आवंटित होने वाली दुकानों के संबंध में कहा कि सभी लोगों को नियमानुसार दुकानें आवंटित की जाएंगी, जिसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com